जौं खल भएसि राम कर द्रोही । ब्रह्म रूद्र सक राखि न तोही ॥
बिष्णु कोटि सम पालन कर्ता । रूद्र कोटि सत सम संहर्ता ॥
|| Ram Katha 935 - मानस रुद्रसंहिता || Rudra Prayaag,UK || मोरारी बापू ||

सांध्य दैनिक
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 294 | इंदौर, सोमवार 06 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## पति-बेटे के सामने बदमाशों ने गर्भवती का गला घोंटा

### पत्थर मारकर रुकवाई कार; पति का सिर फोड़ा, मासूम बिलखता रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर में शनिवार देर रात बदमाशों ने गर्भवती की उसी के दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी। वह अपने पति और डेढ़ साल के बेटे के साथ मायके जा रही थी। 4-5 बदमाशों ने पत्थर मारकर दंपती की बोलेरो को रुकवाया। पत्थर से हमला कर पति का सिर फोड़ दिया। वह बेहोश हो गया।**

बदमाश मोबाइल, पर्स और गहने लेकर भाग निकले। घटना के बाद काफी देर तक दंपती का बेटा रोता रहा। राहगीरों की नजर पड़ी, तब पुलिस को खबर की गई। एसपी आदित्य प्रताप सिंह और माढ़ोताल थाना पुलिस का अमला मौके पर पहुंचा। पूरे शहर की नाकाबंदी कराई गई लेकिन बदमाशों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। रेशमा 6 महीने की गर्भवती थी। रेशमा चौधरी (28) का मायका शहर के मदर टेरेसा नगर में है। ससुराल बरेला इलाके के कजरवारा में है। पति शुभम चौधरी प्राइवेट जॉब करते हैं। वह शनिवार रात 11 बजे पति के साथ मायके जा रही थी। भोला नगर में बदमाश उनकी गाड़ी के सामने आ गए। पत्थर मारकर कार का शीशा फोड़ दिया। शुभम ने गाड़ी रोकी। बाहर निकले तो बदमाशों ने घेरकर हमला कर दिया। शुभम वहीं बेहोश हो गए। लूट और हत्या के बाद आरोपी भाग निकले। करीब 20 मिनट बाद राहगीर वहां से गुजरे। उन्होंने शुभम को सड़क पर बेहोश पड़ा देखा। गाड़ी में ड्राइवर की बगल वाली सीट पर रेशमा मृत पड़ी थी। डेढ़ साल का बच्चा वहीं बैठकर रो रहा था। सूचना पर माढ़ोताल थाने के टीआई विपिन ताम्रकार मौके पर पहुंचे। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए एसपी आदित्य प्रताप सिंह ने तीन टीमें गठित की हैं।

## गड्ढे में मिला नरकंकाल

**गुना।** जिले के राघौगढ़ इलाके के जंजाली इलाके में एक नरकंकाल मिला है। यह एक तालाब में पड़ा हुआ था। तलब कुछ गया तो यह कंकाल मजदूर को दिखा। पुलिस ने कंकाल को पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। अभी यह पता नहीं चल सका है कि कंकाल कितना पुराना है और किस का है। मिली जानकारी के अनुसार संजय सागर बांध के रास्ते के पास एक क्रेशर संचालक द्वारा कुछ वर्ष पहले एक जमीन ली गई थी। इसी जमीन में से पत्थर निकाल लेने के बाद यहां गड्ढा बन गया, जिसमें पानी भरा रहता है और इसीलिए यह तालाब जैसा दिखता है। लेकिन पिछले वर्ष हुई अल्प वर्षा और इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी के कारण इस बार पानी बैठ गया है। इसी गड्ढे पर शनिवार रात पड़ोस में संचालित क्रेशर पर काम करने वाले एक मजदूर की निगाहें गई, तो उसे यहां कंकाल जैसा दिखा।

### इंदौर में नोटा को लेकर ...

# चिंता में भाजपा

## नोटा में नंबर वन न आ जाए इंदौर, भाजपा की देर रात हुई बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम के द्वारा अपना नामांकन वापस लेने और भाजपा में शामिल होने के बाद से ही पूरे शहर में राजनीतिक दलों के साथ-साथ आमजनों में भी तरह-तरह की चर्चाएं हैं। इन सबके बीच भाजपा को नोटा को लेकर चिंता सताने लगी है। रविवार देर रात भाजपा कार्यालय पर हुई नेताओं की बैठक के अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं। नेता भले ही कह रहे हैं कि यह बैठक मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर थी लेकिन अंदर की बात यह है कि इस बैठक में दिल्ली से जुड़े वरिष्ठ नेताओं ने 29 अप्रैल को हुए घटनाक्रम को लेकर नाराजगी जताई है।**




बैठक में इस बात की आशंका भी जताई गई है कि नोटा के बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होने की स्थिति में स्वच्छता में देशभर में पहले पायदान पर खड़ा इंदौर नोटा के इस्तेमाल में भी पहले नंबर पर आ सकता है। ऐसा होना भाजपा के लिए अच्छा संकेत नहीं होगा। देर रात करीब साढ़े 12 बजे तक चली बैठक के बाद बाहर निकले नेता इस संबंध में चर्चा से बचते रहे। उन्होंने इतना ही कहा कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चर्चा थी, लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि देर रात अचानक से वरिष्ठ नेताओं ने यूं ही पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, नगराध्यक्ष गौरव रणदिवे, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और जिले के सभी नौ विधायकों को नहीं बुलाया होगा।

### विशेष मुहिम चलाएंगे

इधर बैठक से बाहर निकले भाजपा नगराध्यक्ष ने बताया कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए भाजपा विशेष अभियान चलाएगी। इसके तहत विशेष दल बनाए जा रहे हैं तो मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे। विशेष दलों में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को भी शामिल किया जाएगा ताकि उनके अनुभव का फायदा पार्टी को मिल सके। इसके अलावा सीए, डॉक्टर, वकील जैसे अलग-अलग क्षेत्रों से पार्टी से जुड़े लोगों के दल भी बनाए जा रहे हैं। ये सभी अपने-अपने क्षेत्रों में मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे। पार्टी का लक्ष्य इस बार इंदौर में 70 प्रतिशत से ज्यादा मतदान कराने का है।

### जीतू पटवारी बोले- मैंने लोगों की आंखें पढ़ी है

# हवा का रुख बदलने वाला है

## यादवेंद्र सिंह मेरे हीरो हो गए, मैं इनका फॉलोवर हूं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अशोकनगर।** अशोकनगर की तुलसी पार्क पर रविवार को पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कांग्रेस प्रत्याशी यादवेंद्र सिंह यादव के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान जीतू पटवारी ने कहा कि मैं रास्ते में आया तो कई जगह पर रुक, कहीं चाय पी, इसी दौरान मैंने लोगों की आंखें पढ़ी है। हवा का रुख बदलने वाला है। साथ ही कहा कि यादवेंद्र सिंह मेरे हीरो हो गए मैं इनका फॉलोवर हूं। मुझे भरोसा नहीं था कि सिंधिया के सामने इतनी बहादुरी दिखाएंगे। पहले दिन मिले थे, जब कहा कि कोई भी खड़ा हो जाए साथ रहूंगा और मुझे टिकट दोगे तख्ता पलट दूंगा। भाजपा के पास से सभी प्रकार का प्रभाव आया, लेकिन जैसे पिताजी थे ऐसे ऐसा बेटा



(यादवेंद्र) है। इतने पिता को कभी देखा नहीं, मिला भी नहीं, लेकिन खूब सुना कि वह गरीबों पर अत्याचार नहीं होने देते थे। हालांकि, उन्हें भी यही लोग परेशान करते थे। विधानसभा में सवाल उठते थे। पूरे परिवार को यातना देते थे। उन यातनाओं का बदला लेना है क्या?

साथ ही कहा- सिंधिया जी राज्यसभा के सांसद थे। 4 साल का समय बचा था। केपी यादव की क्या गलती थी, उसे टिकट नहीं दिया गया। अमित शाह ने कह दिया कि मैं ध्यान रखूंगा, लेकिन टिकट में तो कोई ध्यान नहीं रखा अब ध्यान रखेंगे। अगर इस क्षेत्र का स्थानीय गरीब व्यक्ति लोकसभा से सांसद बन जाता तो सिंधिया जी का बड़प्पन दिखता। साथ ही कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह, एमपी यूपी के मुख्यमंत्री, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान व उमा भारती ने सभा की। उमा भारती ने केवल यही पर सभा की है। 14-14 मंत्री, महाराज, कुंवर, महारानी सब लग गए कोई सब्जी बना रहा है, कोई खाना, कोई जूते पहने है कोई उतार कर।

**यादवेंद्र बोले- मुझे अभिमन्यु की तरह घेरा गया-** जनसभा को संबोधित करने के दौरान यादवेंद्र सिंह यादव भावुक हो गए और उन्होंने कहा कि आप सभी को पता है किस तरह से मुझे घेरा गया है। मप्र की सभी लोकसभा में इतनी सभाएं नहीं हुई। इतनी यहां पर हुई। मुख्यमंत्री की 6 से अधिक सभा, केंद्रीय गृहमंत्री पूर्व मुख्यमंत्री से लेकर बड़े-बड़े नेताओं की सभा हो गई है। बड़े बड़े नेता यहीं डले रहे।

आपके बेटे को अभिमन्यु की तरह घेरने का काम किया गया, लेकिन जब तक आप सभी का आशीर्वाद और कृपा है तब तक मुझे नहीं लगता कि यह मुझे हरा पाएंगे। उन लोगों के पास धनवल है लेकिन मेरे पास आप लोगों का आशीर्वाद है। यह लड़ाई केवल मेरी अकेले की नहीं, यह हम सभी लोगों की लड़ाई है।

## करणी सेना में आक्रोश, बढ़ाई भाजपा की मुश्किलें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

ग्वालियर। प्रदेश में भाजपा की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं, क्योंकि गुजरात के राजकोट से भाजपा प्रत्याशी पुरुषोत्तम रुपाला के विवादित बयान को लेकर करणी सेना ने मध्य प्रदेश में भी भाजपा के खिलाफ बगावत शुरू कर दी है। रविवार को करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ग्वालियर पहुंचे। यहां उन्होंने बीजेपी की खिलाफत की। उनके तेवर बीजेपी के खिलाफ आक्रामक नजर आ रहे हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष करणी सेना महिपाल सिंह ने कहा कि जिस तरह से पुरुषोत्तम रुपाला ने क्षत्रिय महिलाओं का अपमान किया है। भाजपा को उनका टिकट काट लेना चाहिए यही करणी सेना की मांग है, लेकिन बीजेपी ने उनकी इस मांग को दरकिनार किया है। इस वजह से क्षत्रियों में पूरे देश भर में बीजेपी के खिलाफ नाराजगी है। इसलिए पूरे देश भर में क्षत्रिय बीजेपी के खिलाफ वोट करने के लिए तैयार हैं। इसलिए हम मध्य प्रदेश में तीसरे चरण की वोटिंग से पहले ग्वालियर पहुंचे हैं। और यहां बीजेपी के खिलाफ वोट करने का संकल्प लेते हैं।

# इंदौर एयरपोर्ट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

## 7 मई की सुबह 10 :30 बजे इंदौर नाका लाक कर दिया जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । इसी माह 13 मई को होने वाले मतदान से 6 दिन पहले प्रधानमंत्री मप्र दौरे पर आ रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 7 मई को ट्रांजिट विजिट पर इन्दौर आएंगे और यहां से धार के लिए रवाना हो जाएंगे। धार में वे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के ट्रांजिट विजिट के मद्देनजर इन्दौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की तीन किमी परिधि को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। पुलिस आयुक्त इन्दौर नगरीय ने इन्दौर एयरपोर्ट के तीन किमी क्षेत्र में धारा 144 लागू की है। मोदी की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस व्दारा सुबह 10:30 बजे इंदौर नाका लाक कर दिया जाएगा।**



आगामी सात मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी धार के पीजी कालेज ग्राउंड में एक विशाल चुनावी जन सभा को संबोधित करेंगे। चुनावी सभा के आयोजन को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। पीएम की सभा से पूर्व आज मंच की मजबूती जांची जाएगी। वहीं एसपीजी (स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप) धार पहुंच चुका है। इसमें एसपीजी और सुरक्षा टीम के करीब 100 सदस्?य कूदकर मंच की मजबूती का परीक्षण करेंगे। शनिवार को जिला पंचायत सभा कक्ष में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, एसपी मनोज कुमार सिंह ने एसपीजी के साथ बैठक ली। इसमें सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई है। खासकर सभा स्थल को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई है। एसपीजी द्वारा सभा स्थल का निरीक्षण किया गया है। इसके बाद जिला अस्पताल पहुंचकर आइसीयू का निरीक्षण किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 7 मई को इन्दौर आएंगे । प्रधानमंत्री के ट्रांजिट विजिट के मद्देनजर इन्दौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की तीन किमी परिधि को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। पुलिस आयुक्त इन्दौर नगरीय ने इन्दौर एयरपोर्ट के तीन किमी क्षेत्र में धारा 144 लागू की है। इस दौरान ड्रोन, पैराग्लाइडर, हाट बैलून, अन्य फ्लाइंग आब्जेक्ट के उड़ने पर प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश 06 मई से 08 मई 2024 तक प्रभावशील रहेगा। इस आदेश के उल्लंघन पाए जाने पर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार भा.द.वि. की धारा 188, अन्य सुसंगत धाराओं एवं अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। कमर्शियल फ्लाइट्स इस प्रतिबंधात्मक आदेश के पालन से मुक्त रहेगी।

प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारी चल रही है। इसमें पुलिस व प्रशासन द्वारा सुरक्षा के लिहाज से विशेष तैयारी शुरू की जा रही है। डीआरपी लाइन में चार हेलीपेड बनाए गए हैं। इसमें से किसी एक पर प्रधानमंत्री का हेलीकाप्टर उतरेगा। इसके बाद सड़क मार्ग से प्रधानमंत्री का काफिला मांडू लिंक रोड होते हुए इंदौर रोड स्थित पीजी कालेज ग्राउंड पहुंचेंगा। इस तरह से मार्ग के डेढ़ किलोमीटर के क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे है।प्राथमिक रूप से जो जानकारी सामने आई है इसमें प्रधानमंत्री सुबह 10:30 से 11 के बीच धार पहुंचेंगे। हालांकि अभी प्रधानमंत्री के मिनट टू मिनट कार्यक्रम आना शेष है। वहीं सुरक्षा को देखते हुए सुबह 10:30 बजे इंदौर नाका लाक कर दिया जाएगा।

## राहुल गांधी आज इंदौर आएंगे और हेलीकॉप्टर से रवाना हो जाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सोमवार, 6 मई, 2024 को दोपहर 12 बजे अलीराजपुर जिले के जोबट में और अपरान्ह 3 बजे खरगौन जिले के सैगांव में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। वे दिल्ली से विमान से इंदौर पहुंचेगे और इंदौर से हेलीकॉप्टर से सवार होकर रवाना हो जाएंगे। हेलीकॉप्टर में राहुल के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी समेत चार नेता शामिल रहेंगे।

बताया गया है की अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव मप्र प्रभारी जितेन्द्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव 6 मई को पूर्वान्ह 11 बजे इंदौर से हेलीकॉप्टर से प्रस्थान कर पूर्वान्ह 12 बजे जोबट पहुंचेंगे और वहां अभा कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ जनसभा को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी और चारों नेतागण दोपहर 2 बजे जोबट से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 3 बजे सैगांव पहुंचेंगे और वहां कांग्रेस की जनसभा को संबोधित करेंगे। गांधी और नेतागण शाम 5 बजे सैगांव से प्रस्थान कर शाम 6 बजे इंदौर पहुंचेंगे। श्री गांधी वहां से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## चुनाव पर्यवेक्षक बनकर इंदौर आए आईएएस अधिकारी ने देखी सफाई व्यवस्था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनकर आए आईएएस अधिकारी सिल्वा राजा ने रविवार सुबह इंदौर की स्वच्छता की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने निगम आयुक्त के साथ कई स्थानों का दौरा किया। लोकसभा निर्वाचन ऑब्जर्वर सिल्वा राजा द्वारा निगमायुक्त शिवम वर्मा के साथ इंदौर के स्वच्छता अभियान के तहत शहर के जीरो वेस्ट वार्ड क्रमांक 47 में स्वच्छता का निरीक्षण किया गया।**

एनजीओ प्रमुख कैप्टन सनप्रीत सिंह ने बताया कि किस प्रकार से यह जीरो बेस्ट बोर्ड है यहां से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे का किस प्रकार से रहवासियों द्वारा निपटान किया जाता है। साथ ही राजकुमार ब्रिज के नीचे बनाए गए 3-आर सेंटर का भी अवलोकन किया गया, किस प्रकार से डिसेंट्रलाइजेशन कर अनुपयोगी सामान का निपटान किया जाता है एवं 3 आर सेंटर पर आने वाले अनुपयोगी सामान का किस प्रकार से उपयोग कर, उसे आकर्षक एवं साथ सजा कार्य में इस्तेमाल किया जाता है इस संबंध में जानकारी दी गई।

### राजा द्वारा न्याय नगर में डोर टू डोर

कचरा संग्रहण कार्य का अवलोकन किया गया। उन्होंने देखा कि किस प्रकार से निगम के कचरा संग्रहण वाहन के आने पर नागरिक अपने-अपने घर से अलग-अलग डस्टबिन में रखे कचरे को वहां में बनाए गए अलग-अलग बिन में डाल रहे हैं। इसके साथ ही न्याय नगर में किया जा रहे गीले कचरे के निपटान एवं होम कंपोस्टि- 'ग कार्य के संबंध में भी रवासियों से चर्चा की गई। साथ ही एम आर 10 रोड पर रोड स्वीपिंग मशीन कार्य का भी अवलोकन किया गया। स्टार चौराहा स्थित जीटीएस पर किस प्रकार से डोर कचरा संग्रहण वाहन के माध्यम से आने वाले कचरे का निपटान हेतु आगे प्रोसेस किया जाता है इसका भी अवलोकन किया गया। देव गुराडिया स्थित ट्रेचिंग ग्राउंड में स्थित विभिन्न प्लांट का भी निरीक्षण किया गया।




## वर्कशॉप में सीखी भक्ति चित्रकला पिछवाई आर्ट की बारिकियां

**पंचकन्या वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से वर्कशॉप का हुआ आयोजन**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पंचकन्या वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से रविवार को पिछवाई आर्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। बिचौली हप्सी रोड स्थित पंचकन्या स्टोर में आयोजित इस वर्कशॉप में 40 से अधिक पार्टिसिपेंट्स ने हिस्सा लिया। एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. समीक्षा नायक ने बताया कि पिछवाई चित्रकला, भारत की एक पारंपरिक चित्रकला शैली है। ऐसा माना जाता है कि इसकी उत्पत्ति राजस्थान के नाथद्वारा में हुई थी और यह भक्ति चित्रकला का एक रूप है। पिछवाई शब्द संस्कृत के दो शब्दों से मिलकर बना है, 'पिच्छ' जिसका मतलब है पीछे और 'वाई' जिसका मतलब है कपड़ा लटकाना। पिछवाई चित्रकला में भगवान कृष्ण के जीवन के दृश्य दिखाए जाते हैं। इन चित्रों में प्राकृतिक रंगों, सोने की पत्ती, चमकीले रंगों, जटिल विवरणों, और सोने की सजावट का इस्तेमाल किया जाता है। इन चित्रों को आम तौर पर कपड़े या पेपर पर बनाया जाता है।

### प्रकृति की होती है अहम भूमिका

वर्कशॉप में आर्टिस्ट नेहा बाला ने प्रतिभागियों ने कमल और अन्य प्रकार की डिजाइन को कुर्तियों पर उकेरना सिखाया। वर्कशॉप में 8 साल की बच्ची से लेकर 60 वर्ष की उम्र की महिलाओं ने हिस्सा लिया। खास बात ये थी वर्कशॉप में पार्टिसिपेट करने वालों में डॉक्टर, इंजीनियर, इंटीरियर डिजाइनर, सॉफ्टवेयर डेवलपर, कॉलेज स्टूडेंट्स और हाउसवाइफ ने हिस्सा लिया। वर्कशॉप के दौरान नेहा बाला ने पार्टिसिपेंट्स को बताया कि पिछवाई चित्रकला में प्रकृति भी अहम भूमिका निभाती है और इनमें अक्सर अलग-अलग तरह के पेड़-पौधे और जीवों को दिखाया जाता है। कई बार इन चित्रों में भगवान कृष्ण खुद नहीं होते, बल्कि गायों, मोरों, कदम के पेड़ों, तालाब में कमल जैसे प्रतीकों के जरिए उनका अप्रत्यक्ष संदर्भ होता है। वर्कशॉप में पार्टिसिपेट करने वाले डॉ. नील सक्सेना इस वर्कशॉप में हिस्सा लेकर न सिर्फ इस आर्ट फॉर्म को सीखने को मिला बल्कि इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं को जानने को भी मिला। हर्षा देसाई फुलंब्रीकर ने कहा कि पिछवाई आर्ट फॉर्म काफी पुरानी कला है इस तरह की वर्कशॉप पारंपरिक चित्रकला शैली को यंग जनरेशन तक पहुंचाया जा सकता है।

# जीवन में साथ-साथ रहने का वादा निभा रहे बुजुर्ग दम्पतियों ने किया मतदान

## दिव्यांग मतदाता भी मतदान से नहीं रहे पीछे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिये इंदौर जिले में 4 मई से शुरू हुई होम वोटिंग आज भी जारी रही। आज भी बड़ी संख्या में बुजुर्गों और दिव्यांगों ने घर बैठे ही मतदान सुविधा का लाभ लिया। अनेक ऐसे बुजुर्ग दम्पती रहे जिन्होंने एक साथ ही मतदान किया। दिव्यांग भी मतदान में पीछे नहीं रहे उन्होंने भी उत्साह से मतदान में हिस्सेदारी की।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशानुसार इंदौर जिले में भी 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और दिव्यांगों को घर से ही मतदान की सुविधा दी जा रही है। इसके लिये मतदान दल घर-घर पहुंचकर उनसे मतदान करा रहे है। जिले में इसके लिये उत्साहपूर्ण वातावरण है। जिले के कम्पेल में वृद्ध दंपत्ति श्री हीरालाल गेंदालाल आयु 97 वर्ष और उनकी पत्नी श्रीमती गंगाबाई हीरालाल 92 वर्ष द्वारा साथ-साथ मतदान किया गया। उन्हें बड़ा आश्चर्य हो रहा था कि अब इस तरह भी मतदान हो जाता है। इसी तरह सांवेर के ग्राम कुड़ाना के 97 वर्ष के श्री छोगालाल और उनकी पत्नी श्रीमती सौरम बाई 86 वर्ष द्वारा घर पर ही मतदान की सुविधा का लाभ लेकर अपने मताधिकार का उपयोग किया गया।




### सौ वर्ष से अधिक के मतदाताओं ने भी किया मतदान

जिले में आज सौ वर्ष से अधिक आयु के अनेक मतदाताओं ने मतदान में हिस्सेदारी की। इस आयु वर्ग के जिन मतदाताओं ने मतदान किया है उनमें श्री चैन सिंह आयु 101 वर्ष, मुरारीलाल जी आयु 102 वर्ष, गौरीबाई आयु 100 वर्ष सहित अन्य शतायु मतदाता शामिल है।

### दिव्यांग भी नहीं रहे मतदान में पीछे

जिले में दिव्यांगों ने भी मतदान में उत्साहपूर्वक अपनी भागीदारी निभाई। वे भी मतदान करने में पीछे नहीं रहे। जिले के ग्राम टोड़ी के दिव्यांग मतदाता श्री दिनेश मेहरबान सिंह आयु 43 वर्ष सहित अनेक दिव्यांग मतदाताओं द्वारा होम वोटिंग से मतदान किया गया।



# मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लोकसभा का चुनाव कराने नियुक्त मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों को अपने-अपने मतदान केन्द्र में वास्तविक मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल (दिखावटी मतदान) कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मॉक पोल में कम से कम 50 मतों का होना चाहिए और इसे उम्मीदवारों के मतदान अभिकर्ताओं की मौजूदगी में कराना चाहिए। पीठासीन अधिकारी को मॉक पोल के परिणामों से मतदान अभिकर्ताओं को अवगत कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक पीठासीन अधिकारी मतदान प्रारंभ होने के डेढ़ घंटे पूर्व मॉक पोल (दिखावटी मतदान) करायेंगे। मॉक पोल प्रारम्भ करते समय कम से कम दो अभ्यर्थियों के मतदान अभिकर्ता उपस्थित रहना चाहिये । यदि मॉक पोल के समय कोई भी मतदान अभिकर्ता उपस्थित न हो, ऐसी स्थिति में पीठासीन अधिकारी अधिक से अधिक 15 मिनट मॉक पोल शुरू करने के लिये प्रतीक्षा कर सकता है, और यदि तब भी कोई मतदान अभिकर्ता नहीं आते हैं तो पीठासीन अधिकारी मॉक पोल शुरू कर सकते हैं। मॉक पोल में यह सुनिश्चित करना होगा कि मतदान कोष्ठ में सभी अभ्यर्थियों के लिए मत डाले गये हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार मॉक पोल (दिखावटी मतदान) प्रारंभ करने के पहले ईव्हीएम की बैलेट यूनिट तथा वीपेट को मतदान प्रकोष्ठ में रखना होगा, जबकि ईव्हीएम की कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी अथवा उस मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा, जो बैलट यूनिट और व्हीव्हीपेट मशीन सही प्रकार से जोड़ने के बाद कंट्रोल यूनिट का इस्तेमाल करेगा । मॉक पोल में डाले गये मतों का अभिलेख पीठासीन अधिकारी अथवा मतदान अधिकारी को रखना होगा।

मॉक पोल की व्हीव्हीपेट की पर्चियों को भी इनके पीछे के भाग में "मॉक पोल पर्ची" की रबर सील लगानी होगी और इन पर्चियों को मोटे काले कागज के लिफाफे में रखकर पीठासीन अधिकारी की सील से मुहरबन्द कर और हस्ताक्षर कर सुरक्षित रखना होगा।

## राज्यसभा सांसद उमेशनाथ जी महाराज का किया स्वागत सम्मान



इंदौर। रविंद्र नाट्यगृह में राज्यसभा सांसद उमेशनाथ जी महाराज का अनेको संस्थाओ द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया। संस्था 'आदित्य' के संयोजक सचिन नीमा द्वारा भी महाराज जी का शाल-श्रीफल व केशरिया दुपट्टा पहना कर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अनेक जननेताओ ने भी उमेशनाथ जी को सम्मानित किया व महाराज जी के साथ के अपने स्मरण साझा किये।स्वागत कार्यक्रम में सुरेश वर्मा,रूपेश भाई, उमेश पांडे,संजय शर्मा आदि उपस्थित थे।

# एमवाय में मरीज की हाई ब्रिड जटिल सर्जरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



इंदौर। सरकारी एमवाय हॉस्पिटल में एक युवक की सर्जरी कर दो किलो वजनी तिल्ली निकाली है। युवक को 12 साल से तकलीफ थी। यह तिल्ली उसका खून सोख लेती थी जिससे उसका तिल्ली का वजन बढ़ गया था। इसके साथ ही हीमोग्लोबिन घटकर 4.6 ग्राम हो गया था। मामला काला पीपल निवासी 28 वर्षीय दिलीप नामक युवक का है। उसे खून की कमी और कमजोरी के चलते एडमिट किया गया था। जांच में पता चला कि उसके लिवर के पास तिल्ली 12 सालों में 2 किलो की हो गई थी। स्थिति यह थी कि उसका आरबीसी 3 हजार प्रति माइक्रो लीटर और प्लेटलेट्स 16 हजार प्रति माइक्रो लीटरथा। करीब 5 घंटे तक चले जटिल सर्जरी के बाद तिल्ली को बाहर निकाल कर युवक की जान बचा ली गई। 200 ग्राम की होती है सामान्य तिल्ली सर्जरी विभाग के एचओडी सर्जन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने बताया कि शरीर में तिल्ली खून को साफ और संतुलित बनाने की भूमिका निभाती है। यह सामान्यतः 200 ग्राम की होती है। इस मरीज की तिल्ली शरीर का खून सोखकर 2 किलो की हो गई थी। इससे ब्लड सिस्टम गड़बड़ा गया था। टीम ने हाइब्रिड तरीके से यह जटिल सर्जरी कर उसे उसे जिंदगी दी। पेशेंट को 6 यूनिट प्लेटलेट्स और 4 यूनिट ब्लड चढ़ाया गया। अब वह पूरी तरह ठीक है।

# मतदान के लिए अन्य वैकल्पिक दस्तावेज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिये मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की जा रही है। क्यूआर कोड युक्त मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का नाम, पता, क्रमांक, निर्वाचक नामावली में मतदाता क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, तो 13 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता मतदान कर सकेंगे।

**यह हैं 13 वैकल्पिक दस्तावेज-** फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक/डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकते है। सभी मतदाताओं से उत्साह के साथ मतदान करने का आग्रह किया गया है।

# महिलाओं ने किया खाली बाल्टी लेकर प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पानी की कमी से परेशान लोगों ने खाली बाल्टी लेकर प्रदर्शन किया। लोगों ने नगर निगम और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। पानी नहीं तो वोट नहीं के नारे भी लगाए।**

शहर में पानी की लगातार कमी देखी जा रही है। जिसकी वजह से कई कॉलोनी के लोग परेशान नजर आ रहे हैं और अलग-अलग प्रकार से प्रदर्शन कर रहे है। इसी कड़ी में रविवार को राऊ विधानसभा स्थित पलाश परिसर में भी पानी को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया गया। यहां महिलाएं खाली बाल्टी लेकर घरों से बाहर निकल आई और प्रदर्शन किया। नगर निगम से पानी की मांग की। सिलिकॉन सिटी के पास पलाश परिसर में लोग खाली बाल्टी लेकर नीचे जमीन पर बैठ गए और प्रदर्शन करने लगे। बता दें यह सभी रहवासी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उपलब्ध घरों में रह रहे हैं और पानी नहीं आने से यहां के ढाई हजार घर के लोग परेशान है। पीएमएवाय के परिसर में रहने वाले लोगों ने पानी के अलावा गार्डन और सुरक्षा पर भी काफी सवाल खड़े किए। लोगों का कहना है कि फ्लैट लेते वक्त जो नगर निगम ने वादे किए थे वह उन वादों में कोई भी वादा पूरा नहीं किया है।



# कांग्रेस की एक और विधायक बीजेपी में शामिल

## सीएम मोहन यादव ने बीना से विधायक निर्मला सप्रे को दिलाई सदस्यता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। प्रदेश में कांग्रेस का एक और विधायक बीजेपी में शामिल हो गया है। सागर जिले की बीना विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे ने भाजपा का दामन थाम लिया है। रविवार को राहतगढ़ में सीएम डॉ. मोहन यादव की चुनावी सभा के दौरान उन्होंने सत्ताधारी दल की सदस्यता ली।**



निर्मला सप्रे ने कहा कि वह कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा एक अनुसूचित जाति की महिला के लिए कभी चाशनी, कभी आइटम जैसे शब्दों के उपयोग से दुखी थी। महिलाओं का कांग्रेस में सम्मान और स्थान नहीं है। डॉ. मोहन यादव की विकास की नीतियों से प्रभावित होकर मैंने भाजपा जॉइन की।

बता दें कि सागर लोकसभा क्षेत्र की 8 विधानसभा क्षेत्र में से एक मात्र बीना सीट कांग्रेस के कब्जे में है। लेकिन यहां कि कांग्रेस विधायक अब बीजेपी में शामिल हो गई है। इससे पहले छिंदवाड़ा के अमरवाड़ा से कांग्रेस विधायक रहे कमलेश शाह और श्योपुर जिले के विजयपुर से विधायक रामनिवास रावत भी बीजेपी में शामिल हो चुके है।

**10 दिन से बीजेपी नेताओं के संपर्क में थीं विधायक निर्मला सप्रे-** बीना विधायक निर्मला सप्रे 10 दिन से बीजेपी के संपर्क में थीं। उन्होंने भोपाल कार्यालय में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत से मुलाकात की। 5 दिन पहले एमपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा से भी मिली थीं। दो दिन पहले ही चर्चा होने लगी थी कि राहतगढ़ में विधायक निर्मला सप्रे भाजपा की सदस्यता लेंगी।

**सीएम बोले- जैसे ही राहुल गांधी को लॉन्च किया, इनकी सरकार चली गई-** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को सागर लोकसभा क्षेत्र के राहतगढ़ में बीजेपी की लोकसभा प्रत्याशी लता वानखेड़े के समर्थन में चुनावी सभा की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। चुनावी सभा में उन्होंने कहा, उन्हें (राहुल गांधी) खुद को मालूम नहीं है कि वे क्या करने वाले हैं?

# बिजनेसमैन का बेटा वाटर पार्क में डूबा

### परिवार के साथ सीहोर गया था 9 साल का आरुष

### मां बोलीं-मेडिकल फैसिलिटी नहीं मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** सीहोर के वाटर पार्क में 9 साल के बच्चे की डूबने से मौत हो गई। वह परिजन के साथ वीकेंड मनाने आया था। स्वीमिंग पूल में खेलते-खेलते पानी में डूब गया। परिजन ने देखा तो अस्पताल लेकर भागे। जहां डॉक्टर्स ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



हादसा रविवार सुबह हुआ। बच्चे की मौत के बाद माता-पिता ने बेटे के नेत्र दान कर दिए हैं। भोपाल के रहने वाले गौरव राजपूत का पेपर ट्रेडिंग का बिजनेस है। वे रविवार सुबह पत्नी अर्चना, 9 साल के बेटे आरुष, 2 साल के बेटे आरव और अपनी भाभी के साथ क्रीसेंट वाटर पार्क गए थे। आरुष वाटर पार्क में कम पानी वाले हिस्से में तैर रहा था। गौरव ऊपरी हिस्से में स्लाइडर पर थे। खेलते-खेलते आरुष पानी में डूब गया। मां अर्चना का ध्यान गया तो उसे पानी से निकाला। पिता को आवाज लगाई। आरुष की मां का आरोप है कि हादसे के बाद उन्होंने वाटर पार्क प्रबंधन से फर्स्ट एड किट मांगी लेकिन वह नहीं मिली। हादसे के समय मौके पर कोई लाइफ गार्ड नहीं था।

### मैनेजर बोले-लापरवाही के आरोप झूठे

क्रीसेंट वाटर पार्क के मैनेजर महिपाल ने बताया कि पार्क में हर स्वीमिंग पूल पर 5-6 गार्ड तैनात रहते हैं। हमारी स्वयं की एम्बुलेंस है। उसी से बच्चे को अस्पताल पहुंचाया था। लापरवाही के आरोप झूठे हैं। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दीपक जोशी बोले-भोपाल के बीजेपी कैंडिडेट नंबर-1 के डरपोक

### नाम लिए बिना कहा- वे पूर्व सीएम के घर सराफा से सोना लाते हैं



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** पूर्व मंत्री दीपक जोशी ने भोपाल से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी आलोक शर्मा को लेकर कहा, वो हमारे पूर्व मुख्यमंत्री के यहां सोने का सामान सराफा से लाने और देने का काम करता है। दीपक जोशी ने बिना नाम लिए ये टिप्पणी की। वे शनिवार रात को भोपाल तुलसी नगर में कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव के समर्थन में जनसभा में आए थे। सभा में दीपक जोशी ने कहा, भाजपा का जो प्रत्याशी है, मेरा तो जाना-पहचाना है। डरपोक नंबर एक। दो बार भोपाल उत्तर से चुनाव हारा है। जो गेटर लगा हुआ टायर है वो चल नहीं सकता। क्या ऐसा व्यक्ति भोपाल का सांसद होना चाहिए? जोशी ने कहा, अरुण श्रीवास्तव एक जाने-पहचाने व्यक्ति हैं। मैं इनको बचपन से जानता हूं। इस चुनाव में बदलाव की बयार है। 190 सीटों में 400 पार नहीं हो रही, गाड़ी अटक गई। इसके बाद प्रधानमंत्री की भाषा भी बदल गई है। सभा में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव भी मौजूद थे।

### पटवारी बोले- भारत कहीं रशिया-चाइना तो नहीं बन रहा

सभा में जीतू पटवारी ने कहा, इस देश में 84 प्रतिशत बच्चे बेरोजगार हैं। विश्व का सबसे बड़ा बेरोजगार देश भारत है। पाकिस्तान और बांग्लादेश से अगर कहीं ज्यादा मंहगा खाना पीना मिलता है तो वो भारत में। जिस देश के प्रधानमंत्री ने कहा था- खाऊंगा न खाने दूंगा। 141 लोगों में से 121 करप्ट नेताओं को बीजेपी में भर लिया। पटवारी ने कहा- देश में आरक्षण को बचाना है। देश में इस बात की बहस है कि कहीं रशिया जैसा देश तो नहीं बन रहा हमारा, जहां एक पार्टी का ही शासन है। कहीं चाइना जैसी व्यवस्था तो नहीं, जहां मीडिया के लोग सरकारी हों।

# सतना में पारा 43 डिग्री पार सीजन में पहली बार इतनी गर्मी

### 27 शहरों में 40 डिग्री पार पहुंचा टेम्प्रेचर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। प्रदेश में रविवार को भीषण गर्मी का असर रहा। सतना, भोपाल, टीकमगढ़, सीधी, रीवा समेत 27 शहर जमकर तपे। यहां पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया। सीजन में पहली बार प्रदेश में इतनी गर्मी पड़ी। सतना में पारा 43.2 डिग्री रहा, जो सबसे ज्यादा था।**

टीकमगढ़ में टेम्प्रेचर 42 डिग्री, खंडवा में 42.1 डिग्री, रीवा में 42.2 डिग्री, सीधी में 42.4 डिग्री, खजुराहो में 42.6 डिग्री, मलाजखंड में 42.8 डिग्री रहा। सिवनी, खरगोन, मंडला, दमोह, नौगांव और उमरिया में 41 डिग्री या इससे अधिक तापमान दर्ज किया गया। छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, गुना, रायसेन और सागर भी खूब तपे।

बड़े शहरों की बात करें तो ग्वालियर में पारा 41.8 डिग्री दर्ज किया गया। जबलपुर में 40.9 डिग्री, भोपाल में 40.3 डिग्री, इंदौर में 38.4 डिग्री और उज्जैन में पारा 39.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने सोमवार को भी भीष्ण गर्मी का असर रहने का अनुमान जताया है।

मौसम विभाग ने अगले 4 दिन तक प्रदेश में आंधी, बादल और हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। मालवा-निमाड़ यानी इंदौर-उज्जैन संभाग के जिलों में तेज गर्मी पड़ेगी, जबकि पूर्वी-दक्षिण हिस्से यानी नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, बैतूल समेत 13 जिलों में बादल-आंधी वाला मौसम रहेगा। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की एक्टिविटी की वजह से कुछ जिलों में बूंदाबांदी भी हो सकती है।

### 6-7 मई को मौसम बदलने का अनुमान

मौसम विभाग, भोपाल के वैज्ञानिक प्रकाश धावले ने बताया कि ईरान की ओर से एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है। इस वजह से 6 और 7 मई को पूर्वी मध्यप्रदेश में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। सामान्य से साढ़े 4 डिग्री तापमान ज्यादा होने पर हीट वेव चलने लगती है। इस कारण हीट वेव का असर भी रहेगा।

### आज से अगले 3 दिन ऐसा मौसम

**6 मई:** छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, नरसिंहपुर, सिवनी, बालाघाट, डिंडोरी, अनूपपुर जिलों में बादल रहने का अनुमान है।

**7 मई:** नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, झाबुआ, बड़वानी, खरगोन और खंडवा में हीट वेव चलने का अनुमान है। वहीं, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडोरी और अनूपपुर में बादल रह सकते हैं।

**8 मई:** नीमच, मंदसौर, रतलाम और खरगोन में हीट वेव चलने का अलर्ट है। नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, शहडोल, अनूपपुर, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में बादल और आंधी का असर रह सकता है।

# महाकाल के आंगन में महारुद्र अनुष्ठान प्रारंभ होने के बाद गरजे बादल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में मंदिर समिति द्वारा जनकल्याण की कामना व सुवृष्टि के लिए रविवार से महाकाल के आंगन में महारूद्र अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। मंदिर समिति के अध्यक्ष व कलेक्टर ने सपत्नीक पूजन में शामिल होकर अनुष्ठान प्रारंभ किया। मंदिर के करीब 22 पुजारी पुरोहित नंदी हॉल में प्रतिदिन सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक पाठ करेंगे। इस दौरान गर्भगृह में भगवान महाकाल पर बंधी मटकियों से जल धारा बहेगी। अनुष्ठान का असर पहले दिन ही सामने आ गया। दोपहर 2 बजे से बादल गरज उठे और मौसम एकदम परिवर्तित हो गया। हवा चलने के साथ आसमन पर बादल छा गए।



श्री महाकालेश्वर मंदिर में रविवार को मंदिर समिति के अध्यक्ष व कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सपत्नीक नंदी हाल में महारूद्र अनुष्ठान के लिए पूजन अर्चन किया। इसके बाद मंदिर समिति के सदस्य राजेंद्र शर्मा गुरु ने भगवान महाकाल के गर्भगृह में सपत्नीक पूजन किया। प्रथम दिन अनुष्ठान सम्पन्न होने के बाद शहर में गरज-बरस के साथ दोपहर में आसमान पर बादल छा गए और हवा के साथ बूंदाबांदी हुई।

# संपादकीय

## नीतिगत पहल की जरूरत

*हमारे देश में सामान्य तौर पर बुजुर्गों की अहमियत है। सभी अपने घर के बड़े-बूढ़ों का खयाल रखने की कोशिश करते हैं। मगर उनकी सामाजिक सुरक्षा को लेकर अपेक्षित नीतिगत व्यवस्था की कमी रही है। खासकर ढलती उम्र में उनके स्वास्थ्य का खयाल रखने के लिए बीमा जैसी व्यवस्था में भी अभी तक उनके लिए पर्याप्त जगह नहीं रही है। यह बेवजह नहीं है कि बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा के मामले में भारत एशिया-प्रशांत देशों में सबसे निचले पायदान पर है। 'एजिंग वेल इन एशिया' शीर्षक से गुरुवार को जारी एशियाई विकास बैंक की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत को तेजी से बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने और वृद्धि की रफ्तार बनाए रखने के लिए सबको स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाना वक्त का तकाजा है। हालांकि गरीब लोगों को नकदी रहित स्वास्थ्य बीमा देने वाली आयुष्मान भारत जैसी योजना आने के बाद से बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य से संबंधित सुविधाओं का विस्तार हुआ है, लेकिन इस ओर विशेष ध्यान देना समाज और देश के हित में है, क्योंकि अधिक उम्र वाले लोगों की मौजूदगी से मिलने वाला 'लाभांश' ज्यादा हो सकता है। दरअसल, बदलती स्थितियों में बुजुर्गों को अपनी सेहत के लिहाज से ज्यादा संसाधनों की जरूरत पड़ती है। परिवार और समाज के अतिरिक्त व्यवस्थागत ढांचे में कुछ ऐसे नियम-कायदे हैं, जिनमें कई बार बुजुर्गों को या तो उपेक्षा झेलनी पड़ती या फिर उन्हें कमतर सुविधाएं मिलती हैं। मसलन, स्वास्थ्य के क्षेत्र में बीमा के मामले में देखें तो ज्यादा उम्र के लोगों के लिए जैसी शर्तें रखी गई हैं, उसमें उनका कोई विशेष लाभ नहीं मिल पाता। जबकि बढ़ती उम्र के साथ सेहत के लिहाज से कई ऐसी स्थितियां पैदा होती हैं, जिनमें उन्हें स्वास्थ्य बीमा की सबसे ज्यादा जरूरत पड़ती है। हालांकि अब बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण ने बुजुर्गों को भी बीमा खरीदने की सुविधा प्रदान कर दी है। पर स्वास्थ्य बीमा का खर्च कम और उनकी पहुंच में होना चाहिए। इस संदर्भ में देखें तो एशियाई बैंक विकास की ताजा रिपोर्ट नीतिगत स्तर पर ठोस पहल की जरूरत को रेखांकित करती है।*

**अर्ज किया है..!**

*है इस अंजुमन में यकसाँ*
*अदम ओ वजूद मेरा*
*कि जो मैं यहाँ न होता*
*यही कारोबार होता*

*- इस्माइल मेरठी*

## ओशो कहिन



**जब प्रेम और नफरत दोनों ही ना हो, तब हर बात एकदम स्पष्ट हो जाती है।**

## सैर-सपाटा

**जल्द करने वाले हैं**

# केदारनाथ धाम की यात्रा

## तो बैग में जरूर पैक कर लें ये चीजें



केदारनाथ मंदिर के कपाट 12 मई को खुल जाएंगे। इस दिन का इंतजार पूरी दुनिया बड़ी बेसब्री से कर रही है। ज्यादातर लोग तो पहले से ही यहां जाने की बुकिंग कर चुके होंगे। केदारनाथ जैसे पावन धाम के दर्शन करने के लिए लोग महीनों इंतजार में रहते हैं। चारों तरफ से पहाड़ों से घिरा केदारनाथ भक्तों को खूब आकर्षित करता है। ऐसे में अगर आप भी यहां दर्शन के लिए जा रहे हैं तो अपने बैग में इन चीजों को जरूर पैक करें।

### केदारनाथ जाएं तो बैग में क्या पैक करें

1. केदारनाथ मंदिर के कपाट अक्षय तृतीया पर खुल जाते हैं और नवंबर महीने में बंद हो जाते हैं। ऐसा मौसम को देखते हुए किया जाता है। यहां हर साल भारी बर्फभारी होती है, ऐसे में मई-जून के महीने में भी यहां काफी ठंड होती है। ऐसे में यात्रा के दौरान अपने साथ सर्दियों के कपड़े जरूर लेकर जाएं, भले ही आप गर्मियों के मौसम में जा रहे हों।
2. यात्रा पर जाते वक्त अपने पास छाता या रेनकोट भी जरूर रखें। क्योंकि केदारनाथ में कभी भी बारिश हो सकती है। ऐसे में खुद के बचाव के लिए ये दोनों चीजें काम आ सकती हैं।
3. ट्रैवलिंग के दौरान फोन को चार्ज रखने के लिए अपने साथ पॉवर बैंक रखें। इसके अलावा एक एमरजेंसी के लिए टॉर्च भी रखें।
4. ट्रैवलिंग के लिए एक सेफ्टी किट बनाएं। यात्रा पर जाने से पहले एक पाउच में पेट दर्द, उल्टी, लूज मोशन जैसी कॉमन समस्याओं की दवाई रखें। ट्रैवलिंग के दौरान बाहर का खाना खाने की वजह से सेहत संबंधी कई परेशानियां हो सकती हैं।
5. आप कुछ खाने का सामान भी साथ में पैक कर सकते हैं। दअसल लोग मंदिर खुलने का बेसब्री से इंतजार करते हैं। और जैसे ही कपाट खुलते हैं तो यहां भक्तों की भीड़ लग जाती हैं। जिसकी वजह से रेस्तरां पर अक्सर भीड़ रहती हैं। ऐसे में खाने की कुछ चीजें अगर आपके पास होंगी तो बेहतर रहेगा।

Jharkhand

## झारखंड में मंत्री के PS के नौकर के घर से मिला नोटों का अंबार, चुनाव के बीच ED के छापे में 30 करोड़ कैश मिलने का अनुमान

**रांची, (एजेंसी)** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने झारखंड के रांची में कई ठिकानों पर छापेमारी कर बड़े पैमाने पर कैश बरामद किया है. ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के नौकर के घर ईडी ने भारी नकदी जब्त की है. सूत्रों के मुताबिक, नकदी 20 से 30 करोड़ रुपये के बीच होने का अनुमान है. फिलहाल नोट गिनने वाली मशीनें मंगाई जा रही हैं.

ईडी ने कुछ योजनाओं के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फरवरी 2023 में झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र के. राम को गिरफ्तार किया था. ईडी का मानना है कि यह काली कमाई का हिस्सा है. दरअसल ईडी 10 हजार रुपये रिश्वत के मामले की जांच चल रही थी और उसी दौरान ईडी को कुछ ऐसी कड़ियां मिली जिसके तार मंत्री तक जुड़ते नजर आए. ईडी को जानकारी मिली थी कि आलमगीर आलम के मंत्रालय में भ्रष्टाचार चल रहा था और ये पैसा नौकरों के घर पर जा रहा था. इसके बाद ईडी ने आलमगीर के निजी सचिव के नौकर के घर पर छापेमारी की गई और वहां इतना कैश देखकर ईडी भी हैरान रह गई. कुछ दिन पहले ही पीएम मोदी जब झारखंड में चुनाव प्रचार कर रहे थे तो उन्होंने करप्शन का मुद्दा उठाया था और उनकी रैली के कुछ दिन बाद यह कार्रवाई हुई है जिसमें बड़ी मात्रा में यह कैश मिला है. बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने इसे लेकर कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा, ' काउंटिंग होने दीजिए ये गिनती 50 करोड़ तक जाएगी.



New Delhi

## टी20 वर्ल्ड कप पर आतंकी हमले का खतरा, पाकिस्तान से मिली धमकी; IND vs PAK मैच 9 जून को

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आगाज अगले महीने 2 जून से होने जा रहा है। आईसीसी का यह मेगा इवेंट इस साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाना है। दोनों ही देश इस टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए तैयारियों में पूरे जोरो-शोरो से लगे हुए हैं। मगर इस बीच मिली आतंकी हमले की धमकी ने हर किसी को सख्ते में डाल दिया है। दरअसल, उत्तरी पाकिस्तान से दुनियाभर के बड़े आयोजनों को निशाना बनाने की धमकी आई है, जिसमें टी20 वर्ल्ड कप भी शामिल है। ये धमकी आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट की अफगानिस्तान-पाकिस्तान ब्रांच यानी आईएस-खोरासान की ओर से दी गई है। हालांकि इस धमकी के तुरंत बाद क्रिकेट वेस्टइंडीज ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करना शुरू कर दिया है। टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में ऐसा पहली बार होगा जब टूर्नामेंट में 20 टीमें हिस्सा लेंगी, ऐसे में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने में दोनों ही क्रिकेट बोर्ड को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। क्रिकेट वेस्टइंडीज के सीईओ जॉनी ग्रेव्स ने रविवार को क्रिकबज को बताया, 'हम मेजबान देशों और शहरों में अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, और हमारे आयोजन के लिए पहचाने गए किसी भी जोखिम को कम करने के लिए उचित योजनाएं सुनिश्चित करने के लिए वैश्विक परिदृश्य की लगातार निगरानी और मूल्यांकन कर रहे हैं।' बता दें, सुरक्षा चेतावनी में कहा गया है कि, 'प्रो-इस्लामिक स्टेट (आईएस) मीडिया स्रोतों ने खेल आयोजनों के खिलाफ हिंसा भड़काने वाले अभियान शुरू किए हैं, जिसमें अफगानिस्तान-पाकिस्तान शाखा, आईएस खोरासन (आईएस-के) के वीडियो संदेश शामिल हैं, जिसमें कई देशों में हमलों पर प्रकाश डाला गया है और आग्रह किया गया है समर्थक अपने देशों में युद्ध के मैदान में शामिल हों।'

Uttarpradesh

## अयोध्या से दर्शन कर लौट रहे थे घर, प्रतापगढ़ में डंपर से भिड़ंत के बाद आग का गोला बनी कार, दो की मौत

**प्रतापगढ़, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में डंपर और कार में भिड़ंत हो गई. इस भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई. हादसे के बाद कार में लग गई थी. कार में कुल 5 लोग सवार थे, जिसमें तीन की हालत नाजुक बनी हुई है. कार सवार सभी लोग प्रयागराज के रहने वाले थे और अयोध्या से दर्शन करके लौट रहे थे. जानकारी के मुताबिक, प्रतापगढ़ के नगर कोतवाली के सोनावा के पास प्रयागराज-अयोध्या हाईवे पर डंपर और कार की भिड़ंत के बाद कार में आग लग गई थी. जिसके चलते कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए. हादसे की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया. दरअसल, ये हादसा आज सुबह हुआ, जब प्रयागराज-अयोध्या हाईवे पर तेज रफ्तार कार और डंपर की आमने-सामने हुई भिड़ंत के बाद कार में आग लग गई. कार से आग की लपटें उठने लगीं. कार में पांच लोग सवार थे. आग में झुलसने से घटनास्थल पर ही दो लोगों की मौत हो गई.

Bengaluru

## 6 साल के गूंगे बेटे को मां ने दे दी मौत की 'सजा', बना दिया मगरमच्छों का निवाला

**बेंगलुरु, (एजेंसी)** उत्तर कन्नड़ जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 32 साल की महिला ने अपने 6 साल के बेटे को नहर में फेंक दिया। काली नदी से निकनले वाली उस नहर में बड़ी संख्या में मगरमच्छ पाए जाते हैं। बाद में बच्चे के अंग मगरमच्छ के जबड़े में फंसे पाए गए। पुलिस का कहना है कि पति से झगड़ा होने के बाद महिला ने यह क्रूर कदम उठाया।

घटना दांडेली तालुक के हालामाडी गांवकी है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी महिला सावित्री और उसके पति रवि कुमार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक ये दंपती अकसर अपने बच्चे की दिव्यांगता को लेकर लड़ा करते थे। उनका 6 साल का बेटा जन्म से ही गूंगा और बहरा था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, शनिवार को उनका झगड़ा इतना ज्यादा बढ़ा कि महिला ने बेटे को नहर में फेंक दिया। इसके बाद मगरमच्छों ने बच्चे को शिकार बना लिया। जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड डाइवर्स की टीम के साथ पुलिस नहर के पास पहुंची। तुरंत सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। अंधेरा होने की वजह से पुलिस के हाथ कुछ नहीं लग सका। रविवार को सुबह 9 बजे के आसपास एक मगरमच्छ के जबड़ों में फंसा बच्चे का शव पाया गया। पूरे शरीर पर गहरे घाव थे।

पुलिस ने बताया, दंपती के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी शख्स राजमिस्त्री के सहयोगी के तौर पर काम करता है। वहीं महिला घरों में काम करती है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

खेल

धोनी ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

# 150 कैच लेने वाले पहले खिलाड़ी

**धर्मशाला। आईपीएल 2024 के 53वें मैच में महेंद्र सिंह धोनी का बल्ला भले ही न चला हो, लेकिन उन्होंने एक खास उपलब्धि जरूर हासिल की। वह आईपीएल इतिहास में 150 कैच लेने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। धोनी ने पंजाब के खिलाफ जितेश शर्मा का कैच लिया और इस खास मुकाम तक पहुंचे। उन्होंने 146 कैच बतौर विकेटकीपर और चार कैच बतौर फील्डर लिए हैं। इस मामले में दूसरे नंबर पर 144 कैच के साथ दिनेश कार्तिक और तीसरे नंबर पर 118 कैच के साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स हैं। विराट कोहली 113 कैच के साथ चौथे और सुरेश 109 कैच के साथ पांचवें नंबर पर हैं।**



धर्मशाला में खेले गए इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 167 रन बनाए थे। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ 11 मैचों में अब तक 10 बार टॉस गंवा चुके हैं। इस मुकाबले में धोनी नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। यह आईपीएल इतिहास और उनके 18 साल के टी20 करियर में पहली बार है जब माही नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे हों। हालांकि, अपनी पहली ही गेंद पर हर्षल पटेल का सामना करते हुए वह क्लीन बोल्ड हो गए। सिर्फ धोनी ही नहीं, पंजाब के विकेटकीपर जितेश शर्मा भी खाता नहीं खोल सके। यह आईपीएल इतिहास में पांचवीं बार है जब एक मैच में दोनों टीमों के विकेटकीपर खाता नहीं खोल सके हों। जितेश को सिमरजीत सिंह ने धोनी के हाथों कैच कराया था।

168 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की टीम को चेन्नई ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 139 रन ही बनाने दिया। रवींद्र जडेजा ने बल्ले से भी कमाल की पारी खेली थी और चेन्नई की ओर से सर्वोच्च स्कोरर रहे थे। उन्होंने 26 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 43 रन की पारी खेली थी। इसके बाद गेंदबाजी में भी उनका जलवा रहा और तीन विकेट झटके। जडेजा ने प्रभसिमरन सिंह, सैम करन और आशुतोष शर्मा को आउट किया। वह अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच बने। वह चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले खिलाड़ी बन गए। इस मामले में उन्होंने धोनी को पीछे छोड़ दिया। माही ने 15 बार और जडेजा ने 16 बार यह अवॉर्ड जीता है।

जडेजा ने आईपीएल में सबसे ज्यादा तीन बार एक मैच में 40+ रन बनाने और तीन विकेट लेने के शेन वॉटसन और युवराज सिंह के रिकॉर्ड की बराबरी की। आंद्रे रसेल दो बार के साथ दूसरे नंबर पर हैं। पंजाब के खिलाफ चेन्नई ने लगातार पांच मैच हारने के बाद जीत हासिल की। वहीं, पंजाब की टीम इस सीजन अपने होम ग्राउंड पर छठे मैच में पांचवां मैच हार गई। इस सीजन अपने होम ग्राउंड पर पंजाब की टीम सिर्फ एक जीत हासिल कर सकी है। पिछले सीजन भी पंजाब का यही हाल रहा था। टीम ने होम ग्राउंड पर सात में से छह मैच गंवाए थे और सिर्फ एक मैच जीत सकी थी।

सिनेमा

## ऋचा चड्ढा का चौंका देने वाला दावा, बोलीं- मैंने ऐसी जहरीली को-एक्ट्रेसेस के साथ काम किया है जो मेरे साथ...



ऋचा चड्ढा इन दिनों संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी' की वजह से चर्चा का विषय बनी हुई हैं। ऋचा ने इस सीरीज में रज्जो का किरदार निभाया है। उनकी एक्टिंग और उनके किरदार की लोग काफी तारीफ कर रहे हैं। इसी बीच ऋचा ने इंटरव्यू के दौरान फिल्म इंडस्ट्री के बारे में बात की। ऋचा ने कैमरे के पीछे होने वाली पॉलिटिक्स के बारे में बताया। ऋचा ने कहा उन्हें उनके करियर के दौरान कई सारी बेकार को-एक्टर्स मिली हैं। इतना ही नहीं, ऋचा ने फीमेल प्रोड्यूसर की भी बुराई की। पढ़िए क्या बोलीं ऋचा। ऋचा ने न्यूज18 शोशा को दिए इंटरव्यू में कहा, ''मैं इंडस्ट्री में कई सारी ऐसी महिलाओं के साथ काम कर चुकी हूं जो सोशल मीडिया पर फेमिनिज्म की बातें जरूर करती हैं, लेकिन असल में महिलाओं के साथ गलत करती हैं। इसलिए मैं इस तथ्य से सहमत नहीं हूं कि सभी महिलाएं संत होती हैं। मुझे याद है, मैंने एक फीमेल प्रोड्यूसर के साथ काम किया था। उनके दिए हुए चेक बाउंस होते जा रहे थे और वह ट्विटर (अब एक्स) पर फेमिनिस्ट होने का दिखावा कर रही थीं।'' ऋचा ने को-एक्ट्रेसेस के बारे में बात करते हुए कहा, ''मैंने ऐसी-ऐसी जहरीली को-एक्ट्रेसेस के साथ भी काम किया है जो मेरे साथ कॉम्पिटिशन करती हैं। सीन के वक्त सही क्यू नहीं देती हैं और लाइट्स काट देती हैं। इंडस्ट्री में सिस्टरहुड है, लेकिन इसे पाने के लिए आपको मेहनत करनी पड़ती है और ये मेहनत एक इंसान को नहीं दोनों को करनी पड़ती है।''

## Highlights

1. Earthquake of magnitude 3.4 hits Meghalaya, India
2. Looking back at Kiran Bedi's impact as first female IPS officer
3. All schools, colleges to remain shut in Manipur for 2 days after rain
4. PM Modi extols Ayodhya's devotion & development in grand roadshow
5. Which UP constituencies will vote tomorrow & who are the key candidates?
6. Who are the key candidates in Lok Sabha polls phase 3 tomorrow?

# Gautam Singhania on 'dealing' with Nawaz Modi Singhania divorce:

## 'My personal life is mine, does not concern anyone'

**NEW DEIHI, (Agency).** Gautam Singhania, chairman and managing director of Raymond, said that his personal life has nothing to do with his businesses as he is in the middle of a settlement dispute with estranged wife Nawaz Modi Singhania after announcing their separation in November.

He told Economic Times, "I am not going to comment on what has happened between us. I am fully focused on my businesses, and look at the results. All the businesses are growing. My personal life is my personal life, I will deal with it. I have two beautiful daughters, and in their interest, I refused to comment. My personal life does not concern anyone in the business space."



This comes after Nawaz Modi Singhania was removed from the boards of some group companies- JK Investors (Bombay), Raymond Consumer Care, and Smart Advisory and Finserve. On this, Gautam Singhania said that it was due to a "loss of confidence" in her. On her directorship at listed Raymond, Gautam Singhania said it's up to the company's board "which has a good set of independent directors."

Gautam Singhania said that the ₹10,000-crore Raymond Group is on an upswing as its lifestyle division accounts for the dominant share while the new real estate business shows promise.

He told ET, "Our group businesses are growing fast. We have rebuilt the organisation and have strong governing boards. In the last 36 months, we have had new inductees on the board. Each of our businesses have CEOs and once scalable, will be spun off into SBUs (strategic business units)."

He added, "In Breach Candy (south Mumbai) alone, I am bidding for projects worth ₹5,000 crore - my bids have gone in. Lagi toh lagi, nahi lagi toh nahi lagi. Mumbai was built 60-80 years ago. What was the best of the best then, is a slum now. The value of Sophia College Lane (where Singhania's JK House is located) redevelopment could go up to $2 billion."

# Chinese tariffs could leave cognac makers with too much brandy

LONDON, High Chinese tariffs on EU brandy would leave French companies with vast amounts of cognac that could be hard to sell elsewhere, according to Reuters' calculations, analysts, and investors who fear firms could be forced to discount.

China opened an anti-dumping investigation into brandy imported from the European Union in January, sparking fears cognac could suffer a similar blow to that taken by Australian wine when China introduced tariffs of up to 218.4%.

Australian wine exports to China, worth $1.1 billion in 2019, were almost completely wiped out by high tariffs.

While a worst-case scenario, some analysts have been weighing what such an outcome would mean for the cognac industry and major French spirits makers such as Pernod Ricard and Remy Cointreau. Chinese President Xi Jinping was due to visit France on Monday. French authorities would raise the country's investigation into cognac during the visit, French officials said during a recent press briefing.

The cognac industry's "future depends" in part on tariffs being avoided through such talks, industry association the Bureau National Interprofessionnel du Cognac said in a statement on Thursday.

China accounted for 19.4% of exports in 2023, according to BNIC data. The Chinese market is also more profitable than others.

While low tariffs could be covered by price increases with relatively little disruption, higher tariffs could deal a substantial blow to that demand, Laurence Whyatt, analyst at Barclays said.

Remy and Pernod declined to comment. Their shares are down more than 16% and 5.7%, respectively, compared with before the probe was announced.

# सो रही थी पत्नी, पति ने किया हत्या का प्रयास

## परिवार कमरे में पहुंचा तो खून से लथपथ मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक सिरफिरे पति ने अपनी पत्नी की रविवार देर रात हत्या की कोशिश की। आरोपी ने उस समय पत्थर सिर पर मारा। जब पत्नी अपनी बेटी के साथ सो रही थी। घर वाले महिला की चीख सुनकर जागे तो उसे देखा। बाद में उसे एमवाय लेकर आया गया। यहां उसे वेटीलेंटर पर रखा गया है। उसकी हालत गंभीर है।**

खजराना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घायल महिला का नाम ममता चौधरी(30)है। रात में वह अपनी 7 साल की बेटी नंनदी के साथ कमरे में सो रही थी। यहां रविवार रात करीब 1 बजे के लगभग पति मोहन चौधरी निवासी बागड़दा पहुंचा ओर सिर पर सोते में पत्थर मारा ओर भाग गया। ममता की चीख सुनकर छोटा भाई महेश और मां वहां पहुंची तो वह खून से लथपथ पड़ी हुई थी। वही मोहन बाहर की तरफ भागता दिखाई दिया। उसे तुरंत उपचार के लिये एमवाय लेकर आया गया। डॉक्टरो से मिली जानकारी के मुताबिक ममता की हालत गंभीर है। उसे अभी वेटीलेंटर पर रखा गया है।

ममता के भाई शिवनारायण ने बताया कि 8 साल पहले दोनो की शादी हुई थी। शादी के चार साल बाद दोनो में विवाद हुआ। पति आए दिन शराब पीने के चलते ममता के साथ मारपीट करता। इसलिये दोनो बच्चों को लेकर खजराने में आ गए। 15 दिन पहले मोहन घर आया ओर ममता से विवाद कर कहां कि छोटा बेटा चेतन उसके साथ रहेगा। इस पर वह बेटे को अपने साथ ले गया। वह ममता को अपने साथ रखने के लिये डरा धमका रहा था। लेकिन शराब पीने की आदतों के चलते बहन उसके साथ जाने को राजी नही थी।

परिवार ने बताया कि रात में ममता पीछे के कमरे में थी। वही पास के कमरे में भाई ओर मां सो रहे थे। रात को मोहन कब घर में घुसा उन्हें पता ही नही चला। घर में कूलर की आवाज से उन्हें कुछ सुनाई ही नही दिया। पुलिस मोहन की तलाश कर रही है।

## नाबालिग पर चोरी का आरोप लगाकर मारपीट

**इंदौर।** एक बेकरी मालिक ने अपने नाबालिग कर्मचारी पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। बेकरी मालिक और उसके एक रिश्तेदार ने नाबालिग कर्मचारी पर चोरी का आरोप लगाया, बच्चे ने चोरी से इन्कार किया तो उसे बुरी तरह से पीट दिया। चंदननगर पुलिस के अनुसार गीतानगर में रहने वाले 16 वर्ष के लड़के की शिकायत पर आरोपी सलीम मंसूरी निवासी दसवीं गली गंगानगर और उसके रिश्तेदार फुरकान के खिलाफ गंभीर हमले की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। घायल नाबालिग ने पुलिस को बताया कि वह सलीम मंसूरी की बेकरी पर काम करता है। उसका सेठ सलीम अपने रिश्तेदार फुरकान के साथ नाबालिग के पास पहुंचे और आरोप लगाया कि उसने बेकरी से चोरी की है। नाबालिग ने इन्कार किया तो दोनों आरोपियों ने गाली देते हुए उस पर हमला कर दिया हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कचरा गाड़ी ड्राइवर को पीटा

**इंदौर।** चंदन नगर इलाके में कचरा गाड़ी के ड्राइवर के साथ मारपीट हुई है। गाड़ी हटाने की बात पर एक रहवासी ने विवाद करते हुए गालियां दी और मारपीट कर डाली। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। चंदननगर थाने में नरेश राजपूत निवासी मरीमाता की शिकायत पर आरोपी शादाब निवासी मिश्रा वाला रोड चंदन नगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। नरेश सुबह कचरा गाड़ी लेकर दसवीं गली मिश्रा वाला रोड पर गया था। आरोपी शादाब ने उसे वहां से गाड़ी हटाने को कहा तो नरेश ने कहा कि वह कचरा लेकर आगे जा रहा है इसी बात पर शादाब नाराज हो गया और उसने गालियां देते हुए नरेश के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस मारपीट को लेकर सफाईकर्मियों में जबरदस्त आक्रोश है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी यहां सफाई कर्मियों को अपशब्द बोलने के मामले में बवाल हो चुका है। उस दौरान सफाईकर्मियों ने विरोध स्वरुप से चंदननगर इलाके में सफाई काम बंद कर दिया था। सफाईकर्मियों का कहना है कि अक्सर चंदननगर में रहने वाले लोग सफाई कर्मियों के साथ दुव्र्यवहार करते हैं। मारपीट के मामले में यदि आरोपी पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो एक बार फिर से सफाईकर्मी चंदननगर में सफाई काम बंद कर सकते हैं।

## सरेराह पत्नी ने पति का सिर फोड़ा

**इंदौर।** चंदननगर इलाके में एक व्यक्ति पर सरेराह उसकी पत्नी ने हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने पत्नी के खिलाफ केस दर्ज किया है। चंदननगर पुलिस के अनुसार मेहमूद पिता कासम निवासी केशव नगर ने पत्नी नीलोफर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। नीलोफर गुस्से की तेज है, मेहमूद और उसके बीच में घर के नजदीक गली में ही किसी बात पर कहासुनी हो गई। इस बात पर नीलोफर इतनी नाराज हुई कि उसने सडक पर ही पति के साथ मारपीट कर सिर फोड़ डाला। पुलिस आरोपी पत्नी के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

# स्वीमिंग पूल में डूबा डेढ़ साल का बच्चा, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तेजाजी नगर में स्वीमिंग पुल में डूबने से डेढ़ साल के बच्चे की मौत हो गई। वह एक निर्माणधीन टाउनशिप के स्वीमिंग पुल के पास खेल रहा था। नजदीक ही उसके माता पिता भी काम कर रहे थे। साथ में खेल रहे बच्चों ने बताया कि वह पानी में गिर गया। उसके पिता ने उसे तुरंत बाहर निकाला ओर नजदीक के अस्पताल ले गए।**

पुलिस के मुताबिक घटना मैरोद माचला की है। यहां गोल्डन टाउनशिप का काम चल रहा है। इस टाउनशिप में स्वीमिंग पुल के पास डेढ़ साल का रेहान सेंगर रविवार शाम 5 बजे के लगभग दो बच्चों के साथ खेल रहा था। इस दौरान वह अदंर गिर गया। वहां खेल रहे बच्चो ने उसके पिता अर्जुन को जानकारी दी। वह यहां पहुंचे ओर बेटे रेहान को लेकर नजदीक के अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टरो ने एमवाय ले जाने की सलाह दी।

### इकलौता बेटा,15 दिन पहले ही आए इंदौर

रेहान के माता पिता 15 दिन पहले ही इंदौर काम के सिलसिले में आए है। परिवार मूल रूप से बांग टांडा का रहने वाला है। अर्जुन की ढाई साल पहले ही शादी हुई है। रेहान उनका इकलौता बेटा है। परिवार के मुताबिक हादसे के कुछ समय पहले तक रेहान की मां उसके पास ही मौजूद थी। वह बाथरूम जाने का कहकर बेटे को वहां छोड़कर गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## तीन हजार का इनामी बदमाश बालाघाट से पकड़ाया

**इंदौर।** दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे बदमाश को भंवरकुआ पुलिस ने बालाघाट से पकड़ा है। उसकी गिरफ्तारी पर जोन एक के पुलिस आयुक्त ने तीन हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। लोकसभा चुनाव के चलते पुलिस लगातार फरार आरोपियों को पकडऩे अभियान चला रही है। टीआई राजकुमार यादव ने बताया कि कुछ माह पहले पीडिता ने आरोपी शहबाज खान निवासी वार्ड क्रमांक 3 सिटी कोतवाली जिला बालाघाट पर दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। केस दर्ज होने के बाद से बदमाश फरार चल रहा था। प्रकरण में दुष्कर्म के आरोपी का सहयोग करने वाले को पूर्व में गिरफ्तार किया जाकर जेल में निरुद्ध किया गया था। जबकि मुख्य फरार आरोपी प्रकरण कायमी के बाद से पुलिस से बचा हुआ था। आरोपी को पकडऩे टीआई ने टीम गठित की थी। मशक्कत के बाद टीम को सूचना मिली की बदमाश शहबाज खान अपने गृह क्षेत्र बालाघाट में फरारी काट रहा है। टीम तत्काल बालाघाट रवाना हुई और आरोपी को पकडक़र इंदौर लाई।

## 10 साल के भाई ने देखा तो फंदे पर लटकी दिखी बड़ी बहन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक 22 साल की युवती ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। दोनों घर पर अकेले थे। पिता दो दिन के काम के चलते शनिवार को ठीकरी के पास अपने गांव गए थे। रविवार रात बेटी ने यह कदम उठा लिया। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक उषा पुत्री दिलीप निवासी हसन कॉलोनी ने फांसी लगाकर जान दे दी। पड़ोसियों ने जानकारी देते हुए बताया कि रात में 10 साल के भाई ने उसे पीछे के कमरे में फंदे पर लटके देखा ओर रोते हुए बाहर आया। इसके बाद आसपास के लोगो को जानकारी लगी। दिलीप मकान निर्माण के काम से जुडें हुए है। वह ठीकरी के पास के रहने वाले है। परिचित की शादी होने के चलते वह गांव गए हुए थे। रिश्तेदारों के मुताबिक उषा की तीन बहनें है ओर एक भाई है। दो बहनों की शादी हो चुकी है। उषा की मां चार साल पहले पिता से अलग हो गई। उषा से छोटी बहन को वह अपने साथ लेकर चली गई। वही दीपक ओर उषा अपने पिता के साथ रहते थे। पुलिस के मुताबिक अभी सुसाइड के पीछे की वजह सामने नही आई है। मामले में जांच की जा रही है।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक